सिंगापुर की कंपनियों को यूपी में निवेश का आमंत्रण, जेवर के पास 'सिंगापुर सिटी' विकसित करने का प्रस्ताव

लॉजिस्टिक्स से सेमीकंडक्टर तक, सिंगापुर की कंपनियों के लिए यूपी में निवेश के नए अवसर: वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

75 हजार एकड़ से अधिक का औद्योगिक लैंड बैंक और 27 औद्योगिक क्लस्टर वैश्विक निवेशकों के लिए बनेंगे आकर्षण

लखनऊ, 28 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में सिंगापुर के निवेश को गति देने के उद्देश्य से माननीय वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना और माननीय औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने मंगलवार को होटल ताज पैलेस (लखनऊ) में 'सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन' (SBF) के 14-सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की। चेयरमैन मार्क ली के नेतृत्व में आए इस प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक में लॉजिस्टिक्स, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, क्लीन एनर्जी, अर्बन प्लानिंग और हॉस्पिटैलिटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश और रणनीतिक साझेदारी की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी प्रतिबद्धताओं को जमीन पर उतारने में विश्वास रखता है। राज्य में 36 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां और एफडीआई नीति निवेशकों को आकर्षक अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने बताया कि उद्यमियों को अब तक लगभग ₹7,000 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि दी जा चुकी है। उन्होंने निवेशकों को प्रदेश की नीतियों और कार्यप्रणाली पर भरोसा रखने का आमंत्रण दिया।

जेवर के पास 'सिंगापुर सिटी' और हाईटेक औद्योगिक टाउनशिप का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री की फरवरी 2026 की सिंगापुर यात्रा के बाद आए इस प्रतिनिधिमंडल के समक्ष नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के निकट समर्पित 'सिंगापुर सिटी' और हाईटेक औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया। फरवरी की यात्रा के दौरान लगभग ₹60,000 करोड़ के निवेश समझौतों पर सहमति बनी थी।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में 75 हजार एकड़ से अधिक का औद्योगिक लैंड बैंक उपलब्ध है और 27 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। एक्सप्रेसवे नेटवर्क तथा ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की कनेक्टिविटी राज्य को प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब बनाने की क्षमता रखती है।

सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के चेयरमैन मार्क ली ने मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को द्विपक्षीय कारोबारी संबंधों का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। उन्होंने प्रदेश के एक्सप्रेसवे, औद्योगिक पार्क और वेयरहाउसिंग सुविधाओं की सराहना की। एसबीएफ-इंडिया बिजनेस कमेटी के चेयरमैन प्रसून मुखर्जी ने कहा कि बेहतर बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है।

बैठक में सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के सीईओ कोक पिंग सून, आईएचसीएल के एमडी एवं सीईओ पुनीत छतवाल तथा अन्य उद्योग प्रतिनिधियों के साथ अपर मुख्य सचिव श्री आलोक कुमार और इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।
